Title: Regarding killing of innocent people in Jammu and Kashmir by the terrorists.

श्री अवतार सिंह भडाना (मेरठ) : अध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत गम्भीर मामले की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मैंने कई बार आपका और सरकार का इस तरफ ध्यान खींचने का प्रयास किया। जम्मू-कश्मीर में पिछले एक महीने से न जाने कितने बेकसूर लोग मारे गए। गृह मंत्री जी कह रहे थे कि हमने यह किया, वह किया। पिछली 12 तारीख को 15 लोगों की हत्या की गई जिन में बच्चों और औरतों को जिन्दा जला दिया गया। हमने उस समय भी सरकार का इस तरफ ध्यान खींचा। इसके बाद एक औरत और तीन लोगों को फिर मार दिया गया। पहले राजौरी में घटना घटी। यह दूसरी घटना है। आज जम्मू-कश्मीर से लोग पलायन करने पर मजबूर हो गए हैं। उन लोगों ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने के लिए कुर्बानी दी। आबादी के 30 परसैंट लोग आज वहां से पलायन करने पर बेबस हो गए हैं। वे जम्मू से होकर दिल्ली तक पहुंच गए हैं। जम्मू में जो लोग पलायन करके आए, सरकार द्वारा उन्हें प्रोटैक्शन देने और देख-रेख करने की जरूरत थी। â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः ऐसे पेपर दिखाना अच्छा नहीं है।

श्री अवतार सिंह भडाना : अध्यक्ष महोदय, यह बहुत गम्भीर मामला है। इस बारे में प्रधान मंत्री जी कुछ कहते हैं और गृह मंत्री कुछ कहते हैं। जम्मू-कश्मीर के बारे में कहा जाता है कि यह देश का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री इसी हाउस में खड़े होकर कहते हैं कि यह हमारा तिलक है।

आज जम्मू कश्मीर में जो 15-20 या 50 लोग मारे गये हैं, उन लोगों को प्रोटैक्शन देने के लिये सरकार ने क्या काम किया है। अगर यह सरकार जम्मू कश्मीर में...

MR. SPEAKER: This will not go on record.

*(Interruptions)**